***जनपद - संतकबीरनगर प्रेस विज्ञप्ति दिनाँक 30.05.2024***

***पीआरवी आफ द डे***

**पीआरवी 3312 द्वारा मार्ग दुर्घटना में घायल 02 व्यक्तियों को भेजवाया गया अस्पताल**– पीआरवी 3312 को थाना बखिरा क्षेत्रांतर्गत कुसुरुखुर्द से इवेन्ट संख्या 40330 से कालर द्वारा मार्ग दुर्घटना में 02 व्यक्तियों (**01-जमुना पुत्र झिनकान निवासी बडरिया खुर्द थाना पुरानी बस्ती जनपद बस्ती, 02- गोपाल पुत्र प्रहलाद निवासी ककरही थाना बेलहरकला जनपद संतकबीरनगर)** के घायल होने के संबंध में सूचना दिया गया, सूचना मिलते ही पीआरवी कर्मियों द्वारा घटनास्थल पर पहुंचकर घायल व्यक्तियों को एम्बुलेंस की सहायता से अस्पताल भेजवाया गया साथ ही घटना के सम्बन्ध में थाना बखिरा को अवगत कराया गया। पीआरवी कर्मियों की सतर्कता एवं सूझबूझ से घटना स्थल पर समय से पहुंचकर घायल व्यक्तियों को अस्पताल भेजवाकर उसकी जान बचाई गई, जिसकी स्थानीय व्यक्तियों द्वारा सराहना की गई।

***पीआरवी स्टाफ-* आ0 राहुल यादव, हो0चा0 करम हुसैन।**

***शान्ति भंग (151/107/116 सीआरपीसी) मे 05 अभियुक्त गिरफ्तार***

- ***थाना दुधारा पुलिस द्वारा*** 151 / 107 / 116 सीआरपीसी मे 03 अभियुक्त गिरफ्तार किया गया।
- ***थाना मेंहदावल पुलिस द्वारा*** 151 / 107 / 116 सीआरपीसी मे 02 अभियुक्त गिरफ्तार किया गया।

***मोटर वाहन अधिनियम के अन्तर्गत 49 वाहनों से 61,500 रु0 सम्मन शुल्क  वसूल किया गया***

आज दिनांक 30.05.2024 को जनपद संतकबीरनगर के सभी थाना क्षेत्रों मे बैंक / वाहन / संदिग्ध व्यक्तियों की चेकिंग के दौरान समस्त प्रभारी निरीक्षक / थानाध्यक्ष / प्रभारी यातायात द्वारा मोटर वाहन अधिनियम के अन्तर्गत कड़ी कार्यवाही करते हुए 49 वाहनों से 61,500 रु0 सम्मन शुल्क वसूल किया गया।